न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जयपुर–द्वितीय(सांगानेर)जयपुर

पीठासीन अधिकारी का नाम : एकता काबरा, आर.ए.एस.

वाद संख्या : 90 / 2022

निर्णय दिनांक : 23/06/2023

1. श्री राधेगोविन्द फार्मस प्रा. लिमि. जरिये निदेशक विजय कृष्ण मोदी पुत्र ओमप्रकाश मोदी, पंजीकृत कार्यालय 72–ए, किरण पथ, सूरज नगर पश्चिम, सिविल लाईन्स, जयपुर।

वादी

बनाम

1. प्रभा चौधरी पत्नी महेन्द्र सिंह चौधरी, जाति जाट, निवासी 7–ढ–8, जवाहर नगर, जयपुर।
2. राजस्थान राज्य सरकार जरिये तहसीलदार सांगानेर, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर।

प्रतिवादीगण

<u>वाद पत्र बाबत् विभाजन अन्तर्गत धारा 53 राज0 काश्तकारी अधिनियम 1955</u>

पत्रावली पेश हुयी। वकील वादी की बहस सुनी गई। दौराने बहस वादी अधिवक्ता ने वाद को प्राथमिक डिक्री किये जाने का निवेदन किया कि वादी उक्त भूमि का सहखातेदार है एवं उक्त भूमि का तकासमा करवाने का अधिकारी है। बहस वादी अधिवक्ता एवं पत्रावली का अवलोकन किये जाने पर वादी का प्रतिवादीगण विरूद्ध दिनांक 14.09.2022 को प्राथमिक डिक्री जारी की गयी। तहसीलदार सांगानेर को कुर्रेजात रिपोर्ट मय नक्शा तीन तीन प्रतियो मे पेश किये जाने का आदेश पारित किया जिस पर तहसीलदार सांगानेर द्वारा पत्र क्रमांक भू0अ0 / डिक्री / 2023 / 994 दिनॉक 24.01.2023 के संलग्न कुरेजात रिपोर्ट मय नक्शे तीन प्रतियो मे प्रस्तुत की जो शामिल मिसल है वकील वादी की बहस सुनी जाकर मुताबिक कुर्रेजात रिपोर्ट वाद अंतिम डिक्री किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः वादग्रस्त आराजियात कृषि भूमि खाता संख्या 477 / 398 में भूमि खसरा नम्बर 4362 रकबा 0.38 हैक्टेयर, कुल किता 1 रकबा 0.38 हैक्टेयर वाके ग्राम वाटिका, पटवार हल्का वाटिका, भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र वाटिका, तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित है का विभाजन मुताबिक राजस्व रिकार्ड एवं प्राप्त कुर्रेजात रिपोर्ट अनुसार निम्न प्रकार किया जाता हैः–

उप खण्ड अधिकारी

राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी के अनुसार इन्द्राज					
क्र.स.	खसरा नम्बर	रकबा	किस्म जमीन	लगान	खातेदारो का नाम व पिता का नाम
1	4362	0.38	चाही 2		प्रभा चौधरी पत्नी महेन्द्र सिंह चौधरी, हिस्सा 6/19, जाति जाट, नि. 7 ढ 8, जवाहर नगर, जयपुर खातेदार, श्री राधेगोविन्द फार्मस प्रा.लि. पंजीयन कार्यालय जी 5–6, अन्नपूर्णा चेम्बर्स रेल्वे पोस्ट ऑफिस के सामने जयपुर जरिये डाइरेक्टर ओमप्रकाश मोदी हिस्सा 13/19 खातेदार
	किता–1	0.38			

प्रस्तावित कुर्रेजात इन्द्राज				
क्र.स.	खसरा नम्बर	रकबा	खातेदारो का नाम व पिता का नाम	किस्म
1	4362 में से	0.12	प्रभा चौधरी पत्नी महेन्द्र सिंह चौधरी, जाति जाट, नि. 7 ढ 8, जवाहर नगर, जयपुर खातेदार	चाही 2
	किता–1	0.12		
2	4362 में से	0.26	श्री राधेगोविन्द फार्मस प्रा.लि. पंजीकृत कार्यालय 72–ए, किरण पथ, सूरज नगर पश्चिम, सिविल लाईन्स, जयपुर जरिये निदेशक विजय कृष्ण मोदी खातेदार	चाही 2
	किता–1	0.26		

तहसीलदार सांगानेर को आदेश दिया जाता है कि उपरोक्तानुसार विवादग्रस्त आराजी का तकासमा मुताबिक कुर्रेजात रिपोर्ट किया जाकर अलग–अलग खाता व लगान कायम किये तथा कुर्रेजात रिपोर्ट व नक्शे की प्रति बाद अनुमोदन उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद किया जाने हेतु तहसीलदार सांगानेर को भिजवाई जावें। इसी अनुरूप अन्तिम डिक्री जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम किया जाकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 23/06/2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(एकता काबरा)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
जयपुर–द्वितीय (सांगानेर)
जयपुर।